## जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 17.02.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 17.02.2024 को सायं 05.00 बजे अद्योहरताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित यादव, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 दिवाकर सिंह, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
5. इं0 योगेश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
7. इं0 अनिल शाह सिंह, डी0पी0एम0, फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0, मैनपुरी।
8. इं0 सिरजीरेड्डी निवासउलू, संयुक्त महाप्रवन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>गृह पेयजल संयोजन की प्रगतिः–</u> जल जीवन मिशन कार्यकमान्तर्गत जनपद में गृह पेयजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 259849 नग के सापेक्ष अब तक 215165 नग (82.80%) संयोजन ही किये गये हैं। मुख्यतः सुल्तानगंज, किशनी, बरनाहल एवं बेवर में गृह पेयजल संयोजन की प्रगति अत्यन्त धीमी है। तदकम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है कि शेष गृह पेयजल संयोजन को मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें एवं उक्त विकासखण्ड में अत्यन्त धीमी प्रगति पर सम्बन्धित अवर अभियंता– श्री जगशीन, श्री पुष्पेन्द्र कुमार एवं श्री रोहितेन्द्र कुमार का माह फरवरी का वेतन रोकने हेतु अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये गये हैं।

गृह पेयजल संयोजन के लक्ष्यों को मार्च 2024 तक पूर्ण कराने हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा शेष गृह पेयजल संयोजन के विकासखण्ड–वार साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। अतः कार्यदायी संस्था निम्नलिखित साप्ताहिक लक्ष्यों को ससमय प्राप्त करना सुनिश्चित करें–

**FHTC Target**

| Sl.No. | Block | Total Rural Household | Total Household Connection Reported till (15/02/2024) | Balance | Per Week Target |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jagir | 20137 | 17245 | 2892 | 450 |
| 2 | Mainpuri | 29483 | 25796 | 3687 | 574 |
| 3 | Kuraoli | 25517 | 22391 | 3126 | 486 |
| 4 | Barnahal | 22358 | 18620 | 3738 | 581 |
| 5 | Ghiror | 28333 | 24857 | 3476 | 541 |
| 6 | Karhal | 28472 | 25175 | 3297 | 513 |
| 7 | Sultanganj | 36018 | 27715 | 8303 | 1292 |
| 8 | Bewar | 36730 | 28147 | 8583 | 1335 |
| 9 | Kishni | 32801 | 25219 | 7582 | 1179 |
| Total | | 259849 | 215165 | 44684 | 6951 |

letter-25647 (B)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

**अवर जलाशय की प्रगतिः–** अधिशासी अभियंता, जल निगम, मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया जनपद में 479 अवर जलाशय लक्षित है जिसमें से 45 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिनांक 03.02.2024 को अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में अवर जलाशय के साप्ताहिक लक्ष्य 58 नग की प्रगति के साथ मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु उक्त अवधि में मात्र 13 नग अवर जलाशय ही पूर्ण किये गये है जो कि निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष नगण्य हैं। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए अवर जलाश्य के लक्ष्यों को मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**मशीनरी/मैनपावरः–** कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 4590 मैनपावर उपलब्ध है। तदोपरान्त सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत– जरामई पेयजल योजना का औचक निरीक्षण करने पर मात्र 03 मैनपावर पायी गयी, जबकि कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में (RFI) 10 मैनपावर से अवगत कराया गया था। उक्त स्थिति से स्पष्ट है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पर्याप्त संख्या में मैनपावर उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। तदकम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर मैनपावर को 6000 तक बढ़ाना सुनिश्चित करें।

समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

/
अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

/
(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।

पत्रांक– 328 / [handwritten] / 11 दिनांक– 26/02/2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
6. संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।

26.2.24
मुख्य विकास अधिकारी
मैनपुरी।

letter-25647 (B)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner